हाउसिंग बोर्ड की योजना : वीकेंड होम की वरीयता निर्धारण लॉटरी 7 को होगी

जयपुर| राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की जयपुर के कानोता में बसाई योजना एमजीडी वीकेंड होम योजना में जो आवेदन आए है उनकी वरियता लॉटरी 7 दिसंबर को निकाली जाएगी। आवासन मण्डल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि लॉटरी डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर थर्ड के ऑफिस में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि जयपुर के कानोता में बसाई इस योजना के सफल आवंटियों को 14.99 लाख रुपए में उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना के पास बोर्ड की ओर से चौपाटी, ऑपन एयर थियेटर, चिल्ड्रन पार्क और ओपन जिम जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। इसके अलावा बोर्ड की ओर से पटेल नगर विस्तार-भाग 2 योजना भीलवाड़ा, शाहपुरा आवासीय योजना भीलवाड़ा, शास्त्री नगर योजना बांसवाड़ा, अटल नगर योजना भीण्डर (उदयपुर), द्वारकापुरी योजना सविना सैकेण्ड (उदयपुर), दक्षिण विस्तार योजना उदयपुर, महात्मा गांधी सम्बल योजना बड़ली की लॉटरी इसी माह निकलेगी।

इन योजनाओं की भी जल्द निकलेगी लॉटरी

जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में जो आवासीय प्रोजेक्ट लांच किए थे उनकी वरीयता निर्धारण लॉटरी भी दिसंबर या जनवरी में निकालने की योजना है। जयपुर के समीप वाटिका और महला में स्वतंत्र आवासीय योजनाएं, प्रताप नगर व इंदिरा गांधी नगर में मुख्यमंत्री जनआवास योजना के तहत बनाए जाने वाले 4 आवासीय प्रोजेक्ट, मुख्यमंत्री कर्मचारी आवासीय योजना के साथ ही महात्मा ज्योतिराव फुले योजना, नसरीबाद(अजमेर), निवाई आवासीय योजना, निवाई(टोंक) और खोड़ा गणेश फैज चतुर्थ योजना किशनगढ की लॉटरी जल्द घोषित की जाएगी।